सार-समाचार

11 महीने बाद पकड़े गए दो बाइक चोर

पाली, (नि.सं.)। पाली पुलिस ने दो शातिर बाइक चोरों को गिरफ्तार किया है। जो बाइक चोरी के बाद बार-बार ठिकाने बदल रहे थे। वारदात के 11 महीने बाद आखिरकार पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की। इनके कब्जे से एक चोरी की बाइक भी बरामद की। इसके साथ ही एक आरोपी ने पाली से मोपेड चोरी करना भी स्वीकार किया। दोनों के खिलाफ पूर्व में भी एक-एक मामले दर्ज हैं। सीओ पाली सिटी ऊषा यादव ने बताया कि पाली शहर के टीपी नगर थाने में 30 जून 2024 को जलदाय विभाग कॉलोनी निवासी मादाराम पुत्र गमनाराम ने रिपोर्ट दर्ज करवाई थी। जिसमें बताया कि उसकी बाइक को कोई घर के बाहर से चोरी कर ले गया। पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी रही लेकिन वे वारदात के बाद से फरार हो गए। उनके हेमावास में आने की सूचना मुखबिर से मिलने पर टीपी नगर थाने वे ओमप्रकाश चौधरी मय जाप्ता मौके पर पहुंचे। हेमावास के निकट हाईवे पर आकेली गांव निवासी बिजाराम पुत्र भलाराम और हेमावास गांव निवासी पप्पूराम पुत्र हीराराम को पकड़ा। कब्जे से चोरी की बाइक भी जब्त की। पूछताछ में आरोपी बिंजाराम ने पाली शहर के घरवाला जाव गार्डन के बाहर पड़ी बालेलाव गांव निवासी भंवरलाल मेघवाल की मोपेड भी 27 नवंबर 2024 को चोरी करना स्वीकार किया। जिसे उसने जोधपुर में छुपाकर रखना स्वीकार किया। पुलिस ने बताया कि आरोपी बिंजाराम के खिलाफ पूर्व में सोजतरोड थाने में पोस्को में मामला दर्ज हुआ था। वहीं पप्पूराम के खिलाफ मारपीट का मामला पूर्व में दर्ज है। दोनों आपस में अच्छे दोस्त है और साथ ही रहते है।

बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की

जालोर, (कासं)। माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, अजमेर की ओर से घोषित विज्ञान वर्ग के परिणाम में मयूर पब्लिक उच्च माध्यमिक विद्यालय, जालोर के 22 विद्यार्थियों में 90 प्रतिशत से अधिक अक प्राप्त कर जालोर जिले का गौरव बढ़ाया। मयूर पब्लिक स्कूल के 41 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किये। संस्थान के निदेशक राज कुमार माली ने बताया कि 6 विद्यार्थियों ने भौतिक विज्ञान में 100 में से 100 अंक, दो विद्यार्थियों ने रसायन विज्ञान व जीव विज्ञान में 100 मे से 100 अंक प्राप्त किये। निदेशक द्वारा विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। बोर्ड द्वारा घोषित परीक्षा परिणाम में स्थानीय विद्यालय की अनुष्का सिंह ने 95 प्रतिशत अरविन्द माली ने 94.40 प्रतिशत जेनिश गोस्वामी ने 94.40 प्रतिशत ओमप्रकाश ने 94 प्रतिशत रणछोड़ाराम ने 93.40 प्रतिशत मानसी श्रीमाली ने 93.20 प्रतिशत माली अंकुर ने 92.60 प्रतिशत संदीप कुमार ने 92.60 प्रतिशत निधि कुमारी ने 91.80 प्रतिशत धिरेन्द्र सिंह राजपुरोहित ने 91.60 प्रतिशत राहुल परिहार ने 91.60 प्रतिशत मानसी चौधरी ने 91.40 प्रतिशत विशाल सोनी ने 91.40 प्रतिशत भरत कुमार ने 91.20 प्रतिशत डिसपाल ने 91.20 प्रतिशत युग परमार ने 91.20 प्रतिशत ओहमद ने 91 प्रतिशत मनोज कुमार ने 90.80 प्रतिशत अभय नायर ने 90.60 प्रतिशत दिप्ती सोनी ने 90.60 प्रतिशत महावीर कुमार ने 90.60 प्रतिशत तथा मयंक पुरी ने 90.60 प्रतिशत प्राप्त कर विद्यालय व जालोर का नाम रोशन किया है। साथ ही में ओम प्रकाश ने 99.67 प्रतिशत रणछोडाराम ने 98. 67 प्रतिशत व अरविन्द माली ने 97.67 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जालोर जिले में क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया।

साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित

बाड़मेर, (नि.स.)। जिला कलैक्टर टीना डाबी ने सोमवार को कलेक्ट्रेट कॉन्फ्रेंस हॉल में साप्ताहिक समीक्षा बैठक ली। इस बैठक में जिला कलक्टर ने संपर्क पोर्टल, ई-फ़ाईल, पानी, बिजली सहित फ़्लैगशिप योजनाओं की क्रियान्विति की विस्तार से समीक्षा की। जिला कलैक्टर ने डिस्कॉम के अधिकारियों को निर्देशित किया कि अभी गर्मी की स्थिति को देखते हुए जिले में निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि रात में किसी भी हालत में बिजली कटौती नहीं होनी चाहिए। इसके साथ ही अंधड़ की वजह से क्षतिग्रस्त हुए पोलों को शीघ्र ठीक करवाने के निर्देश दिए। इसी तरह जिला कलैक्टर डाबी ने निर्बाध पेयजल आपूर्ति के संबंध में भी निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि अगर नहरबंदी की वजह से कोई परेशानी आ रही है तो टैंकरों से आपूर्ति सुनिश्चित करें। इसके बाद जिला कलक्टर ने संपर्क पोर्टल पर लंबित परिवादों के शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिये। इसके बाद उन्होंने विभिन्न विभागों की फ्लैगशिप योजनाओं की समयबद्ध क्रियान्विति के संबंध में निर्देशित किया। उन्होंने मानसून से पूर्व बाड़मेर शहर के नालों की सफ़ाई के भी निर्देश दिये। बैठक में योग दिवस और हरियालों राजस्थान के तहत आयोजित की जाने वाली गतिविधियों की समीक्षा की गई। बैठक में उपवन संरक्षक सविता दहिया, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी रवि कुमार, अतिरिक्त जिला कलक्टर राजेंद्रसिंह चांदावत सहित सभी ज़िला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

एकमुश्त समझौता का लाभ 30 जून तक

जालोर, (कासं)। राज्य के सहकारिता विभाग एवं शीर्ष सहकारी बैंक के निर्देशानुसार जिले की जालोर केन्द्रीय सहकारी बैंक में कृषि/अकृषि व्यक्तिगत अवधिपार एवं एनपीए (गैर निष्पादित आस्तियाँ) में वर्गीकृत ऋणी सदस्यों को राहत प्रदान करने के उद्देश्य से कृषि/अकृषि एक मुश्त समझौता योजना-2024 लागू की गई है जिसकी प्रवर्तन अवधि बढ़ाकर 30 जून तक की गई है। केन्द्रीय सहकारी बैंक के प्रबंध निदेशक नारायण सिंह ने योजना के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि कृषि/अकृषि एक मुश्त समझौता योजना-2024 का लाभ प्राप्त करने के इच्छुक पात्रताधारक ऋणी कृषक सदस्य क्षेत्र की जालोर केन्द्रीय सहकारी बैंक की नजदीकी शाखा के शाखा प्रबंधक/क्षेत्रीय अधिकारी से सम्पर्क करें तथा कृषक सदस्य के विरूद्ध वसूली योग्य चुकता राशि जमा करवाकर कृषि/अकृषि एक मुश्त समझौता योजना-2024 में राहत राशि का लाभ प्राप्त करें। योजना की प्रवर्तन अवधि बढ़ाकर 30 जून, 2025 तक की गई है तथा शेष शर्तें यथावत रहेगी। इस तिथि तक डिफॉल्टर ऋणी किसानों द्वारा एक मुश्त समझौता योजनान्तर्गत लाभ नहीं लेने अथवा अपनी बकाया एनपीए/ओडी राशि जमा नहीं करवाने की स्थिति में बैंक द्वारा उनके विरूद्ध अधिनियमान्तर्गत कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

बाड़मेर जिले में फलों के 30 नमूने लिए

बाड़मेर, (नि.सं.)। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर विष्णु राम बिश्नोई ने बताया कि श्रीमान आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण जयपुर एच गुईटे और जिला कलेक्टर टीना डाबी के दिशा निर्देश अनुसार बाड़मेर जिले में फल और फ्रूट के 30 नमूने लिए गए लिए गएं नमूनों को जांच के लिए पब्लिक हेल्थ लैबोरेट्री जोधपुर भेजा गया। बाड़मेर जिले में फल और फ्रूट के नमूना कार्रवाई अभी जारी रहेगी। बाड़मेर में फल फ्रूट की दुकानों की जांच की जा रही है और उन्हें निर्देशित किया जा रहा है कि किसी भी प्रकार के अपशिष्ट सड़े गले फल फ्रूट विक्रय नहीं करें। यदि अपशिष्ट फल फ्रूट विक्रय करते पाए गए तो उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही उन्हें अपील की गई कि अपने परिसर और परिसर के आसपास पूर्ण रूप से सफाई व्यवस्था रखें। यदि कोई विक्रेता अपशिष्ट या सड़े गले फल फ्रूट का विक्रय करते पाया जावे तो आमजन उनकी शिकायत मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी से अवश्य करे। खाद्य सुरक्षा अधिकारी राजेश कुमार जांगिड़, पवन कुमार गुप्ता, आनंद कुमार, राजेंद्र शर्मा, डाटा ऑपरेटर प्रवीण संखलेचा, होमगार्ड कार्मिक राजेंद्र सिंह इंदा, सहायक कर्मचारी अनवर खान दल में सम्मिलित रहे।

शिक्षा मंत्री दिलावर ने निरीक्षण किया

पाली, (नि.सं.)। शिक्षा मंत्री मदन दिलावर आज सोमवार को जिले के दौरे पर रहे जहां उन्होंने ग्राम पंचायत उतवण का व अभिरुचि शिविरों का औचक निरीक्षण किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार मंत्री दिलावर ने बोमादडा उतवण ग्राम का औचक निरीक्षण किया और साफ-सफाई का जायजा लेकर आवश्यक निर्देश दिए। इस अवसर पर उन्होंने लोगों की समस्याओं को सुना और मौजूद अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये। इस अवसर पर सीईओ जिला परिषद मुकेश चौधरी.सरपंच व सुनील भंडारी आदि मौजूद रहे।

बुनकर की आज दाखां में रात्रि चौपाल

बालोतरा, (नि.सं.)। सिणधरी पंचायत समिति की ग्राम पंचायत दाखां में मंगलवार, 27 मई को जिला प्रभारी सचिव ओ.पी. बुनकर रात्रि चौपाल करेंगे। प्राप्त जानकारी के अनुसार अतिरिक्त जिला कलक्टर डॉ. गुंजन सोनी ने बताया कि मंगलवार, 27 मई को शाम 7 बजे जिला प्रभारी सचिव ओ.पी. बुनकर की अध्यक्षता में सिणधरी पंचायत समिति की ग्राम पंचायत दाखां में रात्रि चौपाल का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने सभी जिला एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों को रात्रि चौपाल में निर्धारित समय पर उपस्थित होने के निर्देश दिए।

संपर्क पोर्टल की परिवेदनाओं का त्वरित निस्तारण करें : डॉ. गावंडे

जालोर, (कासं)। जिला कलैक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट परिसर में साप्ताहिक समीक्षा बैठक संपन्न हुई।

बैठक के दौरान जिला कलैक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने संपर्क पोर्टल पर प्राप्त हुए प्रकरणों की विभागवार समीक्षा करते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को संपर्क पोर्टल पर प्राप्त आमजन की परिवेदनाओं का त्वरित रूप से निस्तारण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विभागीय अधिकारी प्राप्त परिवेदनाओं का निस्तारण न्यूनतम समय में गुणवत्तापूर्ण समाधान करते हुए परिवादियों को राहत प्रदान करें।

उन्होंने जिले में राज्य सरकार के निर्देशानुसार माह के प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय गुरुवार को आयोजित होने वाली त्रिस्तरीय जनसुनवाई एवं समाधान व्यवस्था की समीक्षा करते हुए कहा कि विभागीय अधिकारी जनसुनवाई के दौरान जिले के नागरिकों की परिवेदनाओं का गुणवत्तापूर्ण समाधान करें। उन्होंने अधिकारियों को समस्याओं के संतुष्टिपूर्वक समाधान करने के उपरांत परिवादियों से बातचीत कर उनसे फीडबैक लेने की बात कही। जिला कलैक्टर प्रदीप के गावंडे ने जिले में केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न फ्लैगशिप योजनाओं की भौतिक प्रगति की समीक्षा करते हुए विभागीय अधिकारियों को प्रभावी मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए।

उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना, जल जीवन मिशन, मुख्यमंत्री स्वनिधि योजना, कर्मभूमि से मातृभूमि, एन.एफ.एस.ए. की समीक्षा करते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को इन योजनाओं के माध्यम से अधिक से अधिक पात्र व्यक्तियों को लाभान्वित करने के निर्देश दिए।

इस अवसर पर उप वन संरक्षक जयदेव सिंह चारण, डिस्कॉम के अधीक्षण अभियंता धर्मेंद्र प्रजापति, जिला रसद अधिकारी आलोक झरवाल, मुख्य जिला शिक्षाधिकारी गंगा कलावंत सहित अधिकारी-कार्मिक उपस्थित रहे।

जन्म-मृत्यु रजिस्ट्रीकरण से संबंधित कार्य की समीक्षा

जालोर, (कासं)। जन्म-मृत्यु रजिस्ट्रीकरण अधिनियम 1969 एवं तत्संबन्धी राज्य नियम 2000 के अन्तर्गत जन्म और मृत्यु की घटनाओं के क्रियान्वायन एवं रजिस्ट्रीकरण कार्य के मूल्यांकन करने तथा रजिस्ट्रीकरण के क्रियान्वयन के समन्वयन, पुनरावलोकन तथा रजिस्ट्रीकरण कार्य के सुधार के लिए गठित जिला अन्तर्विभागीय समन्वय समिति की बैठक जिला कलैक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई।

बैठक में जिला कलैक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने निर्देश दिए कि जन्म-मृत्यु एवं विवाह पंजीयन के जो आवेदन पहचान पोर्टल पर प्राप्त होते हैं, उन्हें तय समय सीमा में निस्तारित किया जाना सुनिश्चित किया जावें।

साथ ही सरकारी एवं निजी अस्पतालों को निर्देशित किया गया कि वे संस्थान में होने वाली जन्म एवं मृत्यु की घटनाओं का 21 दिनों की निर्धारित अवधि में पंजीकरण/रिपोर्टिंग अनिवार्य रूप से करें।

जिला रजिस्ट्रार (जन्म-मृत्यु) एवं उप निदेशक डॉ. धनसिंह राजपुरोहित ने कहा कि ग्रामीण व शहरी क्षेत्र में जन्म-मत्यु एवं विवाह पंजीयन वर्तमान में राज्य सरकार द्वारा विकसित "पहचान पोर्टल" के माध्यम से क्षेत्र के सम्बन्धित रजिस्ट्रारों द्वारा किया जा रहा है। पंजीयन के लिए आमजन, ई-मित्र अथवा स्वयं पहचान पोर्टल के माध्यम से सीधे ऑनलाईन आवेदन कर सकते है।

इसके साथ ही पुराने हस्तलिखित प्रमाण-पत्रों को ई-साइन युक्त कम्प्यूटराइज्ड प्रमाण-पत्र जारी करने की सुविधा भी विकसित की गई है, जिससे आमजन अपने हस्तलिखित प्रमाण-पत्रों को पहचान पोर्टल पर ऑनलाईन कर सम्बन्धित रजिस्ट्रार द्वारा सत्यापित करने के पश्चात डिजिटल साईन युक्त कम्प्यूटराइज्ड प्रमाण-पत्र प्राप्त कर सकते है।

बैठक में जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी नन्दकिशोर राजोरा, उप चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ चन्द्रशेखर गजराज, जिला रसद अधिकारी आलोक जारवाल, प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉ. कमलेश मीणा, मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती गंगा कलावंत, जिला शिक्षा अधिकारी (प्रारम्भिक) मुनेश मीणा, नगर परिषद जालोर के अशोक शर्मा सहित संबंधित विभागीय अधिकारी-कार्मिक उपस्थित रहे।

उद्यमियों की कार्यशाला 28 को

शिवगंज, (नि.सं.)। जिला उद्योग एवं वाणिज्य केन्द्र की ओर से 28 मई को शाम 4 बजे उद्योग संघ संस्थान भवन केसरपुरा, शिवगंज में एक दिवसीय कार्यशाला होगी।

जिला उद्योग एवं वाणिज्य केन्द्र सिरोही के महाप्रबंधक सहीराम ने बताया कि राजस्थान निवेष सम्मेलन के द्वारा राजस्थान सरकार ने राज्य में निवेषकों को आकर्शित करते हुए एमओयू हस्ताक्षरित किए है। अब निवेषकों को बेहतर वित्तीय सहायता एवं ईज ऑफ डूइंग बिजनेस का माहौल उपलब्ध करवाने के लिए कई आकर्शक नीतियां लागू की गई है। कार्यषाला में राज्य सरकार द्वारा निवेषकों के हितों को ध्यानमें रखते हुए जारी की गई नवीन नीतियों 'एक जिला एक उत्पाद नीति-2024, एमएसएमई नीति-2024, कलस्टर नीति-2024, राजस्थान निवेष प्रोत्साहन योजना-2024, डेटासेंटर नीति-2024 आदि के बारे में विस्तार से जानकारी दी जाएगी।

बालोतरा पुलिस थाने का निरीक्षण

बालोतरा, (नि.सं.)। जिला कलैक्टर सुशील कुमार यादव ने सोमवार को स्थानीय बालोतरा पुलिस थाने का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने थाने के विभिन्न अनुभागों का जायजा लिया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान जिला कलैक्टर सुशील कुमार यादव ने सर्वप्रथम थाना कार्यालय का अवलोकन किया, जहां उन्होंने लंबित मामलों, शिकायत पंजिका और अन्य महत्वपूर्ण दस्तावेजों की जांच की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी मामलों का त्वरित निस्तारण किया जाए और आमजन की शिकायतों को गंभीरता से सुना जाए।

इस अवसर पर पुलिस उपाधीक्षक सुशील मान, थानाधिकारी सहित अन्य पुलिसकर्मी उपस्थित थे। जिला कलैक्टर ने थानाधिकारी को निर्देश दिए कि वे नियमित रूप से थाने की व्यवस्थाओं की समीक्षा करें और किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

गोगरा व नया खेड़ा में कार्यों का लोकार्पण व शिलान्यास

पाली, (नि.सं.)। पशुपालन, डेयरी एवं देवस्थान विभाग के केबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत ने अपने विधानसभा क्षेत्र सुमेरपुर की ग्राम पंचायत गोगरा में विधायक कोष सहित अनेक योजनाओं में आवंटित राशि से हुए अनेक विकास कार्यों का लोकार्पण किया।

उन्होंने पंचायत समिति सुमेरपुर की ग्राम पंचायत गोगरा के गांव नया खेड़ा में विधायक कोष से आवंटित राशि सेनिर्मित पेच का नवीनीकरण कार्य का लोकार्पण किया। इसी तरह राजकीय उच्च प्राथ.मिक विद्यालय में पंचायत समिति मद से निर्मित सीसी ब्लॉक सड़क, जिला परिषद मद से निर्मित श्मश.ान भूमि की चारदिवारी का लोकार्पण किया।

इसी तरह नया खेड़ा में ही 50 हजार लीटर की भराव क्षमता की पानी की टंकी के निर्माण के लिये भूमि का पूजन कर निर्माण कार्य प्रारंभ करवाया। कार्यक्रम में राम सिंह, नगरपालिका तख्तगढ़ के उपाध्यक्ष मनोज नामा, नवाखेड़ा के प्रशासक भंवरलाल, मोती सिंह राठौड़, राजू सिंह, नेमाराम देवासी, गणेशाराम देवासी मौजूद रहे।

इसी तरह मंत्री जोराराम कुमावत ने ग्राम पंचायत मुख्यालय गोगरा में दो लाख लीटर की भराव क्षमता वाली पानी की टंकी निर्माण के लिये भूमि पूजन किया। समग्र शिक्षा योजना के अंतर्गत राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय गोगरा में कक्षा कक्ष एवं पुस्तकालय के निर्माण संबंधी कार्य का शिलान्यास किया। जबकि इसी स्कूल में विधायक कोष से निर्मित सीसी ब्लॉक सड़क एवं ऊंचाई बढाई गई चारदिवारी का लोकार्पण किया गया।

मंत्री कुमावत ने कहा कि भजनलाल सरकार विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की कोई कमी नहीं आने दी जाएगी। अंतिम छोर तक आमजन को सरकार की संपूर्ण योजनाओं का फायदा कैसे मिले इसके लिए सरकार कार्य कर रही है।

इस अवसर पर गिरधारी सिंह, जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि शिवराज सिंह, पंचायत समिति सदस्य कुंदन सिंह, प्रशासक भंवरलाल, पूर्व सरपंच संतोख, पार्षद लक्ष्मण घांची, पूर्व पार्षद महेश रावल, तख्तगढ़ के दिनेश कुमावत, सांडेराव के नग्गाराम मीणा, जोराराम देवासी, बीसीएमओ गोविंद सिंह चुंडावत, अमर सिंह, माणकचंद, पीएचईडी के एईएन प्रोजेक्ट राजेंद्र कुमार, एईएन खेमराज बैरवा आदि मौजूद रहे।

सिरोही में रोजगार सहायता शिविर 28 मई को

सिरोही, (नि.सं.)। जिला प्रशासन एवं रोजगार विभाग, सिरोही के संयुक्त तत्वाधान में बेरोजगार युवाओ को रोजगार, स्वरोजगार एवं कौशल प्रशिक्षण के बेहतर अवसरों का लाभ प्रदान करने के लिए 28 मई को प्रातः 9 बजे राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय (नवीन भवन) में एक दिवसीय रोजगार सहायता शिविर का आयोजन किया जाएगा।

जिला रोजगार अधिकारी राजूसिंह ने बताया कि इस शिविर में निजी क्षेत्र की प्रतिष्ठित कंपनियों जैसे एनएनबी पेपर प्रोडेक्ट प्रा.लि. सरूपगंज पिण्डवाडा, मॉडर्न इन्सूलेटर आबूरोड, प्रिस्टाईन पोलिमर्स प्रा.लि. आबूरोड, भंसाली इंजी. पोलिमर्स लि. आबूरोड, ग्लोबल हॉस्पीटल आबूपर्वत, मंगला लक्ष्मी इण्डस्ट्रीज प्रा.वि. आबूरोड, प्रोप एनर्जी आबूरोड, अल्ट्राटेक सिमेन्ट लि. पिंडवाडा, जेके ल्क्ष्मी सिमेन्ट लि.बनास, एलआईसी ऑफ इंडिया लि.सिरोही, भारत फाईनेंस प्रा.लि. सिरोही, एल एंड टी स्कील ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट आबूरोड, यशा सोल्यूशन अहमदाबाद, टीमलीज प्रा. लि. गुजरात, चैकमेट सिक्युरिटी प्रा. लि. अहमदाबाद, टाटा एआईए इन्शयोरेन्स, जिनटॉक एम.एस.सी. अहमदाबाद, लाभ एम्ब्रो प्रा.लि.आबूरोड, एमोजन प्रा.लि. अहमदाबाद, एसीई हरियाणा, याजीकी इण्डिया प्रा.लि अहमदाबाद, अपनी 5000 वैकेंसी के लिए जैसे सुपरवाईजर, प्लान लेबर, आईटीआई डिप्लोमा सभी ट्रेड में, स्कील्ड वर्कर्स, रूम ऑपरेटर, सुरक्षाकर्मी, फिल्ड एक्जुकेटिव, क्रेडिट मैनेजर, कस्टर केयर ऑफिसर एवं एसोसिएट्स आठवी से स्नातक पास सभी वर्गो के पदो पर सीधी भर्ती, ट्रेनिंग व अप्रेन्टिशशिप के उपलब्ध अवसरों का लाभ प्रदान करेंगी। स्वरोजगार मे सहायता के लिए राज्य सरकार की विभिन्न विभागों की योजनाओं की विस्तृत जानकारी संबंधित विभागों के अधिकारियों द्वारा मौके पर ही दी जाएगी। उन्होंने बताया कि इच्छुक बेरोजगार युवक-युवती इस शिविर का लाभ उठाने के लिए अपनी शैक्षणिक एवं व्यावसायिक योग्यता एवं अनुभव के प्रमाण पत्रों एवं बायोडेटा की छायाप्रतियों का सैट शिविर में साथ लेकर आए। ईच्छुक आशार्थी एवं नियोजक इस रोजगार सहायता शिविर के बारे में विस्तृत जानकारी के लिए कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस को सम्पर्क कर सकते है।

राजेंद्र माहेश्वरी का सम्मान किया

सायला, (कासं)। भाजपा मंडल सायला की नवगठित कार्यकारिणी में राजेन्द्र माहेश्वरी के मंडल महामंत्री बनने पर मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग ने उनके प्रतिष्ठान पहुंचकर सम्मान किया।

मुख्य सचेतक गर्ग ने नवनियुक्त महामंत्री राजेन्द्र माहेश्वरी का साफा एवं माला पहनाकर सम्मान किया तथा मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दी। गौरतलब है कि माहेश्वरी एक निष्ठावान और जमीनी स्तर पर कार्य करने वाले युवा नेता हैं, जो लंबे समय से पार्टी के साथ सक्रिय रूप से जुडे हुए हैं। उन्हें यह जिम्मेदारी उनके संगठन के प्रति निष्ठा, समर्पण एवं सेवाभाव को देखते हुए दी गई है। माहेश्वरी ने मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग, प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड, जिलाध्यक्ष जसराज राजपुरोहित, मंडल अध्यक्ष नैनमल लखारा समेत शुभचिन्तकों का आभार जताया। जिला महामंत्री पुखराज राजपुरोहित, विक्रमसिंह दहिया सायला, पारसाराम राणा समेत कार्यकर्ता मौजूद थें।

शौर्य प्रशिक्षण जारी

पाली, (नि.सं.)। दुर्गावाहिनी की स्थापना संतों और विश्व हिन्दू परिषद के वरिष्ठ मार्गदर्शकों द्वारा हिन्दू बहन-बेटियों में आत्मबल, आत्मनिर्भरता, और राष्ट्रधर्म के प्रति समर्पण की भावना जागृत करने के उद्देश्य से की गई थी। यह विचार विश्व हिन्दू परिषद जोधपुर प्रान्त मंत्री परमेश्वर जोशी ने पाली शहर के वंदे मातरम छात्रावास में चल रहे दुर्गावाहिनी शौर्य प्रशिक्षण वर्ग के समापन सत्र में व्यक्त किए।

समारोह में महामंडलेश्वर प्रेमानंद व भरतमुनि महाराज ने बहनों को उनके उज्ज्वल भविष्य हेतु आशीर्वाद प्रदान किया। प्रान्त सह मंत्री एवं वर्गाधिकारा राव सतीश सिंह ने सात दिवसीय वर्ग की गतिविधियों की जानकारी दी।

दुर्गावाहिनी प्रान्त संयोजिका कुसुम थावानी ने वर्ग प्रतिवेदन प्रस्तुत किया तथा सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

महाराणा प्रताप जन्म जयंती की तैयारियां जोरों पर

पाली, (नि.सं.)। हिंदुआ सुरज वीर शिरोमणी महाराणा प्रताप की 485 वी जन्म जयंती गुरुवार 29 मई को महाराणा प्रताप जन्मस्थली विकास समिति एवं नगर निगम के संयुक्त तत्वावधान में उनके ननिहाल एवं जन्मस्थली जूनी कचहरी, धानमंडी में प्रातः 9 बजे हर्षोल्लाष के साथ समारोह पूर्वक मनाई जाएगी।

समिति अध्यक्ष एडवोकेट शैतानसिंह सोनिगरा व संयोजक उगमराज सांड ने बताया कि भाजपा प्रदेशाध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद मदन राठौड़, केबिनेट मंत्री अविनाश गहलोत मुख्य अतिथि होंगे। पूर्व मंत्री व विधायक पुष्पेन्द्रसिंह राणावत, पूर्व सांसद पुष्प जैन, पूर्व विधायक ज्ञानचंद पारख, पूर्व सभापति महेंद्र बोहरा, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष नाहरसिंह जोधा, भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील भण्डारी, जिला कलेक्टर लक्ष्मीनारायण मंत्री, व पुलिस अधीक्षक चुनाराम जाट कार्यक्रम में सम्माननीय अतिथि होंगे। समारोह में अनेक गणमान्य नागरिक व शहर की विभिन्न संस्था समाजो के पदाधिकारी भी उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम स्थल पर आर्य वीर दल, शिवसेना सिंदे, महाराणा प्रताप कमांडो फोर्स, शिवसेना, भारत रक्षा मंच महिला मोर्चा सहित पहुंचने वाली विभिन्न संगठनों की रैलियों के प्रतिनिधियो का स्वागत आयोजित समारोह में किया जाएगा।

समिति सचिव चंपालाल सिसोदिया व रितेश छाजेड़ ने बताया कि पूर्व विधायक ज्ञानचंद पारख के प्रयासों से यू आई टी द्वारा स्मारक स्थल का उबड़ खाबड़ फर्श ठीक करवाने का कार्य व रंग रोगन का कार्य सोमवार को तेजी से प्रारम्भ हो चुका है, जिसकी देखरेख यू आई टी सचिव पूजा सक्सेना के दिशा निर्देशन में समिति सदस्य पार्षद विकास बुबकिया, मुकेश भंसाली, दौलाराम पटेल देख रहे है। गुरुवार को जन्मजयंती समारोह कार्यक्रम की समस्त व्यवस्था नगर निगम व समिति की देखरेख में होगी। समिति द्वारा शहर के सभी समाजों व संस्थाओं से सम्पर्क किया जा रहा है।

हनुमान शनिधाम में शनि जयंती महोत्सव आज

जोधपुर, (कासं)। जोधपुर में प्रताप नगर पुलिस थाने के सामने स्थित हनुमान शनिधाम में 27 मई, मगलवार को शनि जयन्ती महोत्सव का भव्य आयोजन किया जाएगा।

मन्दिर के पुजारी गोपाल महाराज ने बताया कि समस्त देश में शनि जयन्ती 27 मई को मनाई जाएगी। इसी कड़ी में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी हनुमान शनिधाम मन्दिर में भव्य कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

प्रस्तावित कार्यक्रम के अनुसार 27 मई को प्रात सवा नौ बजे ध्वजारोहण किया जाएगा। इसके पश्चात सुबह 10:30 बजे सर्व बाधा निवारण हवन शुरू किया जाएगा। दोपहर 12:15 से 251 किलो मालपुआओं का प्रसादी वितरण किया जायेगा।

दोपहर 2 बजे से राजेश गुप्ता एंड पार्टी द्वारा भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी। मन्दिर पर दर्शनार्थ आने वाले भक्तों को तेबीस हजार शनि मंत्रों से सिद्ध मुद्रिका निशुल्क दी जाएगी।

पाली संवाददाता के अनुसार : पानी दरवाजा स्थित प्राचीन काल से स्थापित शनिदेव बगेची में 26 मई को शनि जयंती एवं अमावस्या तिथि के उपलक्ष्य पर भव्य कार्यक्रम आयोजित होंगे

शनि मित्र मंडल के सुनील रामावत ने बताया कि शनिदेव बगेची में प्रातः काल से सन्ध्याकाल तक पूजा अर्चना के साथ ध्वजारोहण , धार्मिक अनुष्ठान , महाभोग प्रसादी , विशेष श्रृंगार आंगी , महिलाओं द्वारा भजन कीर्तन एवं संगीतमय सुंदर काण्ड पाठ सहित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे। कार्यक्रम की तैयारियों में शनिश्चर बगेची के महंत रमेश शर्मा सहित शनिदेव मित्र मंडल के लालाराम माली, सत्यनारायण शास्त्री , जितेंद्र सालेचा, जे पी मिश्रा, कल्पेश मथूरिया, सवाईसिंह ,किशनसिंह राजपुरोहित, रोहित त्रिवेदी, देवेन्द्र अरोड़ा , अशोक मंडोरा, विजय सोनी , कमल मुथा , हलवाई लाभचंद जेन, राजू भाई आदि तैयारियों में जुटे हुए है।

सूने मकान में हुई नकबजनी के दो आरोपीं गिरफ्तार

जोधपुर, (कासं)। जोधपुर शहर के निकट बनाड़ स्थित रमजान का हत्था लक्ष्मण नगर में एक सूने मकान में गत सप्ताह हुई चोरी का पुलिस ने पर्दाफाश कर दिया है।

पुलिस ने प्रकरण का खुलासा करते हुए दो शातिर नकबजनों को गिरफ्तार किया है। जिनकी निशानदेही पर जेवरात भी बरामद किए गए है। घटना के समय परिवार के लोग मौताणे पर गांव नागौर गए थे। वापिस लौटने पर चोरी का पता लगा। चोरों ने सूने मकान का भरपूर फायदा उठाया और जो हाथ लगा वह सब ले गए। तकरीबन 30 तोला सोना और चांदी के आभूषण चोरी हुए थे।

मामले में मूलत : नागौर जिले के कोतवाली थानान्तर्गत गिवरिया-ओड बस्ती हाल लक्ष्मणनगर रमजान का हत्था निवासी दिनेश सोनी पुत्र गोविन्दराम सोनी ने रिपोर्ट दी थी। इसमें बताया कि पिछले दो तीन दिनों से उसका घर सूना था। उसके नाना का निधन होने पर वह परिवार सहित नागौर मूल गांव गया हुआ था। 18 मई को आया तो पता लगा कि घर के ताले टूटे पड़े है। चोरों ने अलमारी बक्सों के ताले तोड़कर उसमें रखे सोने- चांदी के आभूषण चोरी कर लिए। घर से रामनवमी सेट 90 ग्राम, रखड़ी सेट 40 ग्राम, गले का हार 25 ग्राम, झेला पता मम्मी का 125 ग्राम, 4 सोने की अंगुठियां तकरीबन 40 ग्राम सोना तकरीबन 25-30 तोला है। वहीं चांदी में 7 पायल जोड़ी 70 ग्राम चांदी की और परचूनी सामान तक चोरी कर ले गए।

बड़ी नकबजनी की इस वारदात को खोलने के लिए पुलिस की टीम का गठन किया गया। पुलिस की टीम ने कड़ी जांच पड़ताल के बाद ऊंटों की घाटी सूरसागर निवासी भाखरराम उर्फ सोहन उर्फ ढलिया पुत्र सुरताराम भील एवं मूलतः चूरू के थेलासर हाल अंबेडकर कॉलोनी स